कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 31.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव मद्देनजर श्रीमान् राजेंद्रसिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 30.03.2024 को वक्त 07.00 पीएम से 11.00 पीएम तक पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में होटल–ढाबा चेकिंग व सदिंग्ध के खिलाफ कार्यवाही का अभियान चलाया गया

अभियान सुपरविजन अधिकारी समस्त पुलिस वृत सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में समस्त पुलिस थाना अधिकारी अपने अपने थाना क्षेत्र में स्थित होटल–ढाबा का चेकिंग करवाने के निर्देश दिए गए।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में दौराने होटल –ढाबा चैकिंग अभियान में कुल 198 होटल व 65 ढाबा चेक किए गए इस प्रकार संपूर्ण पुलिस आयुक्तालय क्षेत्राधिकार में कुल 263 होटल– ढाबा कि सघन तलाशी चेकिंग की गई तथा 13 सदिंग्ध व्यक्तियों के खिलाफ पर्चा बी भरा गया। इस दौरान पुलिस थाना डांगियावास द्वारा 7 संदिग्ध व्यक्तियों के व राजीव गांधी नगर द्वारा 6 संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ पर्चा बी भरा गया।

लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर सभी होटल–ढाबा के मालिक तथा संचालकों को पाबंद किया गया कि सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां कैमरे लगावे तथा पार्किंग स्थल की प्रर्याप्त व्यवस्था रखें। अपने–अपने होटल–ढाबों मे कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन अति–आवश्यक रूप से करवाना है। किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि संचालित नहीं करेंगे तथा संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की जानकारी होने पर तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 पर आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय मुक्त पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराए जाने एवं चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में इसी प्रकार से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाती रहेगी।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।



31-Mar-24

31-Mar-24